हरिभूमि
# सोनीपत भूमि
रोहतक, बुधवार, 2 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 32.0 डिग्री
न्यूनतम 25.0 डिग्री

11 एचएसवीपी कार्यालय पर कर्मचारियों का प्रदर्शन शुरू



12 मीरकपुर में सीबीजी प्लांट से होगा फायदा



# अवकाश के बाद खुले स्कूल, 50 प्रतिशत रही हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद मंगलवार से जिले के सभी स्कूल खुल गए। सुबह के समय हल्की बूंदाबांदी के बीच बच्चे स्कूल पहुंचें। पहले दिन राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति 50 प्रतिशत ही रही, जबकि निजी विद्यालयों में यह आंकड़ा 70 प्रतिशत के करीब रहा। स्कूल खुलने पर विद्यार्थी उत्साहित नजर आए।

### उत्साह में नजर आए विद्यार्थी शिक्षकों ने होमवर्क किया चेक

शिक्षकों ने विद्यार्थियों के ग्रीष्मकालीन अवकाश में दिए गए गृह कार्य की जांच की। शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी राजकीय व निजी विद्यालयों में 1 से 30 जून तक ग्रीष्मावकाश घोषित किया था। ग्रीष्मावकाश के बाद मंगलवार को स्कूलों में रौनक लौट आई। राजकीय विद्यालयों में जहां पहले दिन 50 फीसदी विद्यार्थी पहुंचे।



### बारिश के कारण विद्यार्थियों की उपस्थिति कम

एक माह के ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद जिलाभर में स्कूल खुल गए हैं। पहले दिन बारिश के मौसम के चलते करीब 50 फीसदी विद्यार्थी ही स्कूल पहुंचे। आने वाले दिनों में उपस्थिति सामान्य हो जाएगी।
**नवीन गुलिया**, जिला शिक्षा अधिकारी, सोनीपत

### निजी स्कूलों में 70% विद्यार्थी स्कूल पहुंचे

वहीं निजी विद्यालयों में करीब 70 फीसदी विद्यार्थी स्कूल पहुंचे। हालांकि कुछ विद्यार्थियों ने बारिश के मौसम के चलते स्कूल खुलने के पहले दिन ही दोबारा छुट्टी कर ली। कक्षाओं में विद्यार्थियों की संख्या कम होने के चलते शिक्षक बेहतर तरीके से पढ़ाई नहीं करवा पाए। बुधवार से स्कूलों में विद्यार्थियों की संख्या बढ़ने की उम्मीद लगाई जा रही है। वहीं विद्यार्थी स्कूल पहुंचने पर उत्साह से लबरेज नजर आए।

## खबर संक्षेप

### ढाबा संचालक से मारपीट नकदी और चेन ले गए



**गोहाना।** पानीपत-गोहाना रोड स्थित एक ढाबे में सात लोग पहुंचे। उन्होंने ढाबा संचालक से मारपीट की। संचालक का आरोप है कि हमलावर मारपीट करके 90 हजार रुपये और पांच तोले सोने की चेन ले गए। पुलिस ने सीसीटीवी की जांच की तो केवल मारपीट का मामला मिला। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। गांव खेड़ी दमकन के अंग्रेज ने पुलिस को बताया कि उसने पानीपत-गोहाना रोड के साथ सेवन स्टार के नाम से ढाबा कर रखा है। वह ढाबे पर खाना खा रहा था, तभी सात लोग आए और मारपीट करने लगे।

### ग्रामीण पर डंडों और हथियार से हमला

**गोहाना।** गांव कटवाल में ग्रामीण का पड़ोसी उसके मकान की तरफ खिडक़ी लगवाने लगा। उसने एतराज किया तो उससे मारपीट की। उसे डंडों से पीटने के अलावा धारदार हथियार से भी हमला किया। सदर थाना में केस दर्ज किया गया। संत कुमार ने पुलिस को बताया कि उनके परिवार से ही जय सिंह अपने मकान की मरम्मत करा रहा है। वह उनके मकान की तरफ खिडक़ी लगाने लगा, जिस पर उसने मना किया तो गाली देने लगा। वह घर की तरफ भागा तो जय सिंह व उसके बेटों ने रास्ता रोककर डंडों से पीटा और धारदार हथियार से हमला किया।

### गोहाना के सेक्टर सात से 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता

**गोहाना।** सेक्टर सात निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग व्यक्ति हजारीलाल सैनी पुत्र प्रभु दयाल सैनी सोमवार को दोपहर 12 बजे से लापता हो गए। पिछले 15 वर्ष से आंशिक रूप से उनकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं है। उनका सोनीपत में एक निजी अस्पताल से उपचार भी चल रहा है। बुजुर्ग व्यक्ति के लापता होने से परिजन काफी परेशान हैं और उनकी तलाश कर रहे हैं। हजारीलाल सैनी हर महीने दवाई लेने के लिए सोनीपत जाते थे। सोमवार को भी वह अपने 14 वर्षीय बेटे शुभम के साथ सोनीपत दवाई लेने के लिए सोनीपत गए हुए थे। वह दवाई लेकर जब वापस आ रहे थे तो बस स्टैंड सोनीपत के निकट उन्होंने अपने बेटे शुभम से हाथ छुड़वा लिया। हजारीलाल सैनी ने अपने बेटे से कहा कि वह उनके साथ-साथ चलेंगे। इसी दौरान वह लापता हो गए।



# अवैध कॉलोनियों पर एसडीएम का छापा, निर्माण रुकवाया



**खरखौदा।** एसडीएम डॉ. निर्मल नागर ने सोमवार को शहर की कई अवैध कॉलोनियों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बिना अनुमति बन रही कॉलोनियों में निर्माण कार्य रुकवाया। कॉलोनाइजरों को नोटिस जारी किए गए। एसडीएम ने कहा कि अवैध कॉलोनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि ऐसी कॉलोनियों से शहर के विकास और नागरिकों के हितों को नुकसान होता है। निरीक्षण के बाद रिपोर्ट तैयार की जाएगी। उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी। निरीक्षण के समय राजस्व विभाग और पुलिस की टीम भी मौजूद रही। एसडीएम ने कहा कि सभी विभाग मिलकर अवैध कॉलोनियों पर कार्रवाई करेंगे।

# बैट्री कंडम होने से नागरिक अस्पताल और मुरथल पीएचसी का सर्वर डाउन

**दो दिन से मरीजों और मेडिकल करवाने आने वाले आवेदकों को काटने पड़ रहे चक्कर**

■ बार-बार बिजली कट के चलते चंडीगढ़ से बंद हो रहा सर्वर ■ अस्पताल में लगभग 80 प्रतिशत ऑनलाइन प्रणाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

जिला नागरिक अस्पताल व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मुरथल पर ऑनलाइन प्रणाली 36 घंटे से ठप पड़ी है। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को उपचार देने के लिए कर्मचारियों ने मैनुअल तरीका अपनाया है। मंगलवार को रजिस्ट्रेशन काउंटर से लेकर लैब सैंपल, दवा व चिकित्सक के पास चेकअप करवाने के लिए कर्मचारियों ने ऑनलाइन की बजाय, मैनुअल तरीके से कार्य कर मरीजों को राहत देने की कोशिश की। वहीं प्रबंधन की तरफ से नई बैटरी खरीद के लिए ऑनलाइन ऑर्डर किए जाने की बात कही जा रही है। अस्पताल में मरीजों को मिलने वाली सुविधा लगभग 80 प्रतिशत ऑनलाइन है।

- **रजिस्ट्रेशन काउंटर पर से लेकर लैब में टेस्ट के लिए मैनुअल कार्य करते नजर आए कर्मचारी**
- **एक्सरे विभाग के बाहर लगी रही लंबी लाइन, मैनुअल तरीके की प्रक्रिया ठप, इंजीनियर के इंतजार में कर्मचारी**

बता दें कि नागरिक अस्पताल में दो सौ बेड की सुविधा उपलब्ध है। मौजूदा समय में अस्पताल में मरीजों की संख्या ढाई हजार के करीब पहुंच रही है। जिसके चलते अस्पताल में मरीजों की सहूलियत के लिए ऑनलाइन प्रणाली स्थापित की गई थी। अस्पताल में उपचार करवाने वाले मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से नंबर मिलने के बाद उसी आईडी पर ही आगामी उपचार की रूपरेखा तैयार होती है। चिकित्सक से मिले परामर्श के बाद उसे लैब में सैंपल देने व उनकी रिपोर्ट लेने के लिए उसी आईडी नंबर का इस्तेमाल होता है। जो मरीज को रजिस्ट्रेशन काउंटर से मिला था। करीब 20 दिनों से बार-बार सर्वर डाउन होने की समस्या कर्मचारियों के साथ उपचार के लिए आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बनती जा रही है। सोमवार सुबह करीब साढ़े दस बजे सर्वर बंद हो गया। जोकि मंगलवार देर शाम तक नहीं चल पाया। मरीजों की सुविधा के लिए कर्मचारियों को मैनुअल कार्य करने के निर्देश प्रबंधन की तरफ से मिले। रजिस्ट्रेशन काउंटर, ओपीडी में चिकित्सक, लैब सैंपल व रिपोर्ट सहित एक्सरे विभाग में मैनुअल कार्य मंगलवार को शुरू हुआ, लेकिन एक्सरे विभाग में मशीन में आई कमी के चलते मरीजों की लाइन लगी रही है।



### मरीजों की सुविधा के लिए कर्मियों ने मैनुअल कार्य किया

कमेटी की तरफ से फाइनल होने पर ऑनलाइन बैटरी की खरीद प्रक्रिया अमल में लाई गई है। मरीजों की सुविधा के लिए मंगलवार को मैनुअल कार्य किया गया, जिसमें कुछ समय जरूर लग रहा है। जल्द से जल्द बैटरी आने की उम्मीद है। उन्हें स्थापित करने के बाद ऑनलाइन सुविधा फिर से शुरू हो जायेगी।
डा. गिन्नी लांबा, कार्यकारी प्रधान चिकित्सक अधिकारी नागरिक अस्पताल।





हाथ से पर्ची बनाते कर्मचारी



एक्सरे रूम के बाहर लगी भीड़

### ठप पड़ी एक्सरे मशीन

नागरिक अस्पताल में मरीजों के साथ-साथ हथियार के लिए लाइसेंस, स्कूल, नौकरी व पुलिस विभाग के 35 साल से ऊपर व 55 साल के कर्मचारियों के मेडिकल प्रक्रिया अधर में लटक गई है।

आवेदकों ने लैब में सैंपल दिए हुए है। जिसकी रिपोर्ट ऑनलाइन ही उपलब्ध होनी है, लेकिन सर्वर डाउन के चलते आवेदकों को रिपोर्ट नहीं मिल पा रही है। जिसके चलते उनका कार्य अधर में लटक गया है। वहीं एक्सरे विभाग में एक्सरे करने पर रील की प्रक्रिया को प्रबंधन की तरफ से चालू करने का प्रयास किया, लेकिन मैनुअल कार्य करने वाली प्रक्रिया भी तकनीकी खराबी के चलते पटल पर नहीं चल पाई। जिसके चलते अस्पताल में आने वाले मरीजों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

### हाथ से पर्ची व रजिस्ट्री में करनी पड़ रही एंट्री

नागरिक अस्पताल के ओपीडी में चिकित्सक को दिखाने के लिए पंजीकरण काउंटर से रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। मौजूदा समय में नए व पुराने मरीजों की संख्या जोड़ी जाए तो करीब ढाई हजार प्रतिदिन मरीज अस्पताल में उपचार के लिए आते है। रजिस्ट्रेशन पर महज तीन ही खिड़कियां रजिस्ट्रेशन के लिए है वहीं गर्भवती व बच्चों के लिए कमरा नंबर-18 में रजिस्ट्रेशन होता है। कर्मचारी दिन भर हाथ से मरीजों की पर्ची बनाते हुए दिखाई दिए। साथ ही कार्ड के अलावा रजिस्टर में एंट्री कर्मचारियों को करनी पड़ रही है।

# सुबह जमकर बरसे बदरा दोपहर तक बूंदाबांदी बाद में निकली धूप

**सोनीपत।** सोनीपत जिले में मंगलवार सुबह अलसुबह हुई तेज बारिश और उसके बाद दोपहर तक रुक-रुक कर होती रही हल्की बूंदाबांदी ने मौसम को सुहाना बना दिया। इस मानसूनी वर्षा से जहां आमजन को गर्मी से राहत मिली है, वहीं किसानों के लिए यह बारिश बेहद लाभकारी साबित हुई है। तापमान में आई गिरावट ने लोगों को उमस और तेज गर्मी से राहत दी है। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 32 डिग्री सेल्सियस तो न्यूनतम तापमान 25 डिग्री दर्ज किया गया है। कृषि विशेषज्ञों के अनुसार यह बारिश खरीफ फसलों, विशेषकर धान, बाजरा और कपास की बुवाई के लिए अनुकूल है। इससे खेतों में नमी बनी रहेगी और किसानों को सिंचाई पर निर्भरता भी कम होगी। लंबे समय से बारिश न होने के कारण किसान चिंतित थे। अब शुरुआती बारिश से न केवल बुवाई में तेजी आएगी, बल्कि बीज अंकुरण की दर भी बेहतर होगी।

### जलभराव ने किया परेशान

सुबह की बारिश से जहां निचले इलाकों में पानी भराव की समस्या रही, वहीं अधिकतर इलाकों में हल्की फुहारों ने मौसम को खुशनुमा बना दिया। बच्चों और बुजुर्गों ने खुले माहौल में सैर का आनंद लिया। कुल मिलाकर आज की बारिश किसानों के लिए वरदान साबित हुई है और मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार आने वाले दिनों में और अच्छी वर्षा की उम्मीद है, जिससे खरीफ फसलों की स्थिति और सुधरेगी।

### सिक्योरिटी गार्ड के साथ मारपीट

**खरखौदा।** थाना क्षेत्र के गांव पहलादपुर के एक वेयरहाउस पर सिक्योरिटी गार्ड का काम करने वाले व्यक्ति को तीन लोगों ने पीट कर घायल कर दिया। गांव खरेंटी रोहतक निवासी अजय ने बताया कि वह अपनी कंपनी के गेट पर तैनात था। जहां कंपनी के गेट के सामने हरीश अपनी गाड़ी लगाकर शराब पी रहा था। जब उसने गेट के आगे से गाड़ी हटाने को कहा तो हरीश उसके साथ मारपीट करने लगा। कुछ देर बाद उसका भाई सोनू और विकास वहां पर अपने हाथों में डंडे लेकर आ गए और उसे पीटना शुरू कर दिया। जब उसने शोर मचाया तो कंपनी के लोगों की भीड़ को देखकर वे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। जब परिजन उसे सरकारी अस्पताल लेकर आए तो चिकित्सकों ने उसे पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# बस के आगे हथियार लहराने का आरोपी अदालत में पेश, चार दिन के रिमांड पर

## आरोपी पिस्तौल के बारे में नहीं दे रहा सटीक जानकारी, घर तक कागज खंगालेगी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सोनीपत-गोहाना रोड पर जींद डिपो की बस के आगे फॉर्च्यूनर गाड़ी अड़ाकर हथियार लहराकर स्टंटबाजी करने व बस में बैठे यात्रियों की जान जोखिम में डालने के आरोपित को पुलिस ने अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। आरोपित मोहम्मद संजय खान निवासी दिल्ली का है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से हथियार के बारे में जानकारी हासिल की जायेगी।

- **आरोपित के पास से बरामद गाड़ी उसी की मिली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही**



आरोपित के पास से बरामद गाड़ी उसी की मिली है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

अलेवा जींद निवासी सियाराम ने सदर थाना पुलिस को शिकायत देकर बताया था कि वह हरियाणा रोडवेज विभाग में बतौर चालक के पद पर तैनात है। वह 30 जून को जींद से दिल्ली के लिए बस में सवारियां लेकर परिचालक के साथ निकला था। गोहाना- सोनीपत रोड पर लाठ-जोली के पास पहुंचा। एक गाड़ी फाच्यूर्यर बस से आगे निकलकर आई। गाड़ी चालक ने बस के आगे गाड़ी को अड़ा दिया। उसने साइड लेने के लिए हॉर्न बजाया, लेकिन गाड़ी चालक ने साइड नहीं दी। बस मोहाना गांव में पहुंची। जहां बस स्टैंड से सवारियां लेकर बस चली। गांव बड़वासनी के पास पहुंचने पर चालक गाड़ी के फिर आगे आ गया। उसने खिड़की से हाथ निकालकर हथियार लहराया। उसके बाद गाड़ी को रुकवा लिया। बस से सवारी उतरने लगी तो एक दम गाड़ी को सवारियों व उस पर जान से मारने की नीयत से गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया। किसी तरह बाल-बाल बच गए। कुछ आगे चलकर गाड़ी पलट गई। जिसमें चालक को काबू कर लिया। मामले को लेकर पुलिस को शिकायत दी। सदर थाना पुलिस ने इस संबंध में आरोपित के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया था।

### गुमराह कर रहा
### पिस्तौल के बारे में परिजनों से पूछताछ करेगी पुलिस

पुलिस ने मंगलवार को आरोपित को अदालत में पेश कर रिमांड की अपील की। अदालत ने आरोपित को चार दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से हथियार के बारे में जानकारी जुटाई जायेगी। हथियार लाइसेंसी है या अवैध है। आरोपित कुछ बता नहीं रहा है। पुलिस आरोपित को उसके आवास पर लेकर जायेगी। साथ ही उसके परिजनों से हथियार के बारे में जानकारी हासिल करेगी।

# सेक्टर 7 में बैडमिंटन कोच का शव मिलने से सनसनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गोहाना

- **डॉक्टरों के अनुसार 36 घंटे पहले मौत हुई, शरीर नीला पड़ा**
- **रविवार को बच्चों को बैडमिंटन का प्रशिक्षण देने निकला था अमित**

शहर में सेक्टर सात में निर्माणाधीन जाट भवन और संत कबीर छात्रावास के पास बैडमिंटन कोच का शव मिला। बच्चे खेलते हुए उस तरफ गए तो शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस और एफएसएल की टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को नागरिक अस्पताल भिजवाया।

### बोर्ड ने किया पोस्टमार्टम

पुलिस ने मंगलवार को बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम करवाकर स्वजन को सौंप दिया। मौत के कारणों का पता नहीं लग पाया, जिससे विसरा रिपोर्ट को जांच के लिए भेजा जाएगा। कुलबीर सिंह गांव आहुलाना स्थित चौ. देवीलाल सहकारी चीनी मिल में नौकरी करते हैं और वहीं पर रहते हैं। उनका बेटा अमित सिहाग पहले पानीपत में खेल अकादमी चलाता था, जिसे एक साल पहले बंद करके वापस आ गया था। वह मैकेनिक का काम सीखता था और बच्चों को बैडमिंटन सीखाता था। वह सेक्टर सात में जाट भवन और संत कबीर आश्रम के पास बनाए गए खेल मैदान में बच्चों का अभ्यास कराने आता था। रविवार को वह घर से निकला था और वापस घर नहीं गया। सोमवार शाम को सेक्टर के खेल मैदान पर बच्चों ने अभ्यास किया और चारदीवरी के पास गए तो अमित का शव पड़ा देखकर पुलिस को सूचना दी।

**विसरा जांच के लिए भेजा :** पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंची और जांच के बाद शव को अस्पताल भिजवाया गया। चिकित्सकों ने शव की स्थिति को देखकर बताया कि अमित की मौत लगभग 36 घंटे पहले हो चुकी थी। शव नीला पड़ चुका था और चोट के निशान नहीं थे। जांच अधिकारी अनम ने कहा कि विसरा रिपोर्ट जांच के लिए भेजी जाएगी।

# बीपीएल को दो लीटर सरसों के तेल के चुकाने होंगे 100 रुपये

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनीपत

सरकार के नए आदेश के तहत अब बीपीएल कार्डधारकों को हर महीने मिलने वाला दो लीटर सरसों का तेल 100 रुपये में मिलेगा, जो पहले 40 रुपये में दिया जाता था। इससे जिले के करीब 2.80 लाख बीपीएल परिवार प्रभावित होंगे और इन गरीब परिवारों को अब महंगाई की मार झेलनी होगी। खाद्य आपूर्ति विभाग की ओर से बीपीएल कार्डधारकों को हर महीने दो लीटर तेल दिया जाता है, ताकि उन्हें रसोई में राहत मिल सके। अब यह सुविधा भी बोझ बनती नजर आ रही है। तेल की कीमत में अचानक हुई यह बढ़ोतरी गरीब परिवारों की परेशानी को और बढ़ा रही है, जो परिवार पहले 40 रुपये में दो लीटर तेल से पूरा महीना निकाल लेते थे, अब उन्हें उसी मात्रा के लिए 100 रुपये चुकाने होंगे।

### तेल के दामों में की 250 प्रतिशत बढ़ोतरी

सरकार द्वारा की गई 250 प्रतिशत बढ़ोतरी से गरीब परिवारों में रोष है।

### कार्डधारकों को पहले 40 रुपये में मिलता था दो लीटर तेल

### मुख्यालय ने जिले में भेजे निर्देश

मुख्यालय से निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस माह से दो लीटर तेल 100 रुपये में दिया जाएगा। उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए विभाग सतर्क है। मार्केट रेट सरसों का काफी हाई है।
-**विंशल सहरावत**, जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक (डीएफएससी)

जिले में 471 राशन डिपो के माध्यम से बीपीएल परिवारों को राशन वितरित किया जाता है। हर महीने चार लाख लीटर से अधिक सरसों तेल का वितरण किया जाता है। अब नई दर लागू होने से इस पर भी असर पड़ेगा।



# धनुष ने शेयर की खून से लथपथ हाथों की तस्वीर...

**मुंबई।** धनुष ने मंगलवार को इंस्टाग्राम पर अपनी आगामी फिल्म 'तेरे इश्क में' की एक खास तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में दो हाथ खून से लथपथ नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर के साथ धनुष ने फिल्म की शूटिंग को लेकर अहम जानकारी शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, और यह एक लपेट है। धनुष की इस पोस्ट के बाद यूजर्स लगातार कमेंट कर अपनी राय पेश कर रहे हैं।एक यूजर ने लिखा, 'थलाइवा का इंतजार है', एक और यूजर ने लिखा, 'पता नहीं क्यों, लेकिन इस तस्वीर ने मुझे भावुक कर दिया', एक और यूजर ने लिखा, 'इसका इंतजार कर रहा हूं', एक और यूजर ने लिखा, 'कब रिलीज होगी फिल्म'।

## लाइफ Style

# वाणी

## हर वरदान में छिपा है एक श्राप

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आईं अभिनेत्री वाणी कपूर अब अपना डिजिटल डेब्यू करने जा रही हैं। वो यशराज के नए शो में नजर आने वाली हैं, जो नेटफ्लिक्स पर रिलीज होना है। नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपनी नई सीरीज का पोस्टर जारी कर दिया है, इसमें वाणी कपूर प्रमुख भूमिका में नजर आने वाली हैं।

पोस्टर के साथ ही इसकी रिलीज डेट भी सामने आ गई है। नेटफ्लिक्स की ओर से अपनी नई सीरीज 'मंडाला मर्डर्स' का पोस्टर जारी किया गया है। पोस्टर में वाणी कपूर के साथ सुरवीन चावला, गुल्लक फेम एक्टर वैभव राज गुप्ता और अभिनेत्री श्रिया पिलगांवकर नजर आ रही हैं। पोस्टर में वाणी बंदूक ताने दिख रही हैं, जबकि सुरवीन चाहला हाथ जोड़े महिला नेता के किरदार में नजर आ रही हैं। जबकि वैभव राज गुप्ता बियर्ड लुक में आंखों पर ब्लैक चश्मा लगाए दिख रहे हैं। पोस्टर में श्रिया पिलगांवकर काफी सजी-धजी खड़ी हैं। पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा गया, 'हर वरदान में एक श्राप छिपा है। मोल चुकाने का वक्त जल्द आने वाला है।' इसके साथ ही इस सीरीज की रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी गई है। नेटफ्लिक्स की ये नई सीरीज 25 जुलाई को रिलीज हो रही है। इसे यशराज फिल्म ने प्रजेंट किया है। वाणी कपूर हाल ही में अजय देवगन के साथ 'रेड 2' में नजर आई थीं। वो फिल्म में अजय देवगन के किरदार अमय पटनायक की पत्नी की भूमिका में नजर आई थीं। इसके अलावा सुरवीन चावला हाल ही में रिलीज हुए नेटफ्लिक्स के ही शो 'राणा नायडू' के दूसरे सीजन में दिखी थीं।



## हॉलीवुड मसाला



# जुरासिक वर्ल्ड... 4 को होगी रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** 'जुरासिक पार्क' फ्रैंचाइज की 7वीं और 'जुरासिक वर्ल्ड' सीरीज की चौथी फिल्म 'जुरासिक वर्ल्ड रीबर्थ' शुक्रवार, 4 जुलाई को रिलीज होने वाली है। स्कारलेट जोहानसन और जोनाथन बेली स्टारर इस फिल्म के फर्स्ट रिव्यूज आ गए हैं, और इनमें इसे खतरनाक और बेहतरीन बताया जा रहा है। फिल्म के एक्शन सीक्वेंस और वीएफएक्स की तारीफ हो रही है। प्रीमियर शोज देखने वालों का कहना है कि यह फिल्म स्टीवन स्पीलबर्ग के ग्रैंड अंदाज की याद दिलाता है।



# 'सुपरमैन' ने मुंबई में समंदर के बीच की लैंडिंग

**मुंबई।** सोमवार की रात बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर सुपरमैन ने लैंडिंग की, जिसका नजारा देख हर कोई हैरान था। दूर से नीले रंगों से सजा ये सी लिंग सुपरमैन वाले अवतार से जगमगा रहा था। 11 जुलाई को वार्नर ब्रदर्स की फिल्म की रिलीज से पहले मुंबई में समंदर के बीच ये नजारा देख लोग काफी खुश दिखे हैं। अपनी फिल्मों के प्रमोशन के लिए मेकर्स क्या नहीं करते। वार्नर ब्रदर्स 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली जेम्स गन के डायरेक्शन में बनी 'सुपरमैन' ने सीधे मुंबई के बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर लैंडिंग कर डाली है। अब ट्विटर पर लोग बांद्रा-वर्ली सी लिंक के वीडियो और तस्वीरें लगातार शेयर कर रहे हैं। इन झलकियों में निर्देशक जेम्स गन की आने वाली डीसी फिल्म 'सुपरमैन' की तस्वीरें नजर आ रही हैं। एक ने कहा- सुपरमैन ने मुंबई में बांद्रा-वर्ली सी लिंक पर कब्जा कर लिया है।



# शेयर की 'दिल थाम के' का बीटीएस वीडियो

**मुंबई।** राजकुमार राव की मालिक फिल्म का गाना 'दिल थाम के' दर्शकों का बेहद पसंद आया। इस गाने में हुमा कुरैशी ने धांसू डांस किया है। वहीं, मंगलवार को हुमा कुरैशी ने सोशल मीडिया पर इसका एक बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी ने आज राजकुमार राव की फिल्म मालिक का गाना 'दिल थाम के' का एक शानदार बीटीएस वीडियो शेयर कर फैंस को खुश कर दिया है। हुमा ने इस बीटीएस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'बहुत खुशी के साथ शूट किया गया... और आप लोग गाने को जो प्यार दे रहे हैं, वह इसे और बेहतर बना रहा है। हुमा की इस पोस्ट पर फैंस जमकर कमेंट कर अपनी राय शेयर कर रहे हैं। एक फैन ने लिखा, शानदार प्रदर्शन कभी भी आसान नहीं होता।



# नए लुक के कारण आए चर्चा में...

**मुंबई।** गोविंदा का डांसिंग स्टाइल आज भी बॉलीवुड में पॉपुलर है। हाल ही में वह अपने एक नए लुक के कारण चर्चा में आए हैं। गोविंदा का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें वह कार में बैठे हैं। एक व्यक्ति उन्हें कुछ समझा रहा है। इसी वीडियो को जब यूजर्स ने देखा तो उनका ध्यान गोविंदा के नए लुक पर गया। इस लुक को कुछ यूजर्स ने पसंद किया तो, कुछ को गोविंदा का लुक बिल्कुल भी नहीं भाया है। वायरल वीडियो में गोविंदा की मूंछों ने यूजर्स का ध्यान अपनी तरफ खींचा है। इस लुक को देखकर ही एक यूजर ने लिखा, ये तो शत्रुघ्न सिन्हा लग रहे हैं। एक अन्य यूजर को गोविंदा का मूंछों वाला लुक पसंद नहीं आया, वह लिखता है, ये पतली मूंछें गोविंदा पर अच्छी नहीं लग रही हैं। एक अन्य यूजर्स ने गोविंदा का लुक देखकर कमेंट किया।

## टीवी मसाला




# फोर मोर शॉट्स प्लीज के फाइनल सीजन का ऐलान

**नई दिल्ली।** अगर आप भी प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' के प्रशंसक हैं, तो अब आपके लिए एक अच्छी खबर है। क्योंकि, आपके इस पसंदीदा शो का नया सीजन आने वाला है, जो कि सीरीज का फाइनल सीजन भी होगा। प्राइम वीडियो ने सीरीज के चौथे सीजन की घोषणा कर दी है। साथ ही इसका एक नया पोस्टर भी जारी किया है। जिसके साथ कैप्शन में लिखा गया है कि फाइनल सीजन के लिए शॉट्स मंगा लीजिए। इस सीरीज में आज की महिलाओं की जिंदगी के उतार-चढ़ाव को दिखाया गया है। सीजन 4 में शो की लीडिंग लेडीज दामिनी, अंजना, सिद्धी और उमंग ये जानने वाली हैं कि उन्हें किसी और का नंबर वन बनने की जरूरत नहीं, बल्कि वो खुद अपनी लाइफ की हीरो हैं। क्योंकि, खुशी कोई लग्जरी नहीं, बल्कि जीने का एक तरीका है। इस बार कुछ नए चेहरे भी नजर आएंगे और शो की फेमस गर्ल्स ट्रिप्स तो हैं ही। फाइनल सीजन की कास्ट की बात करें तो इसमें सयानी गुप्ता, कीर्ति कुल्हारी, बानी जे और मानवी गगरू जैसे मुख्य किरदारों के साथ लीजा रे, प्रतीक बब्बर, राजीव सिद्धार्थ, अंकुर राठी और मिलिंद सोमन सरीखे स्टार्स भी नजर आएंगे। अरुणिमा शर्मा और नेहा पार्टी माटियानी द्वारा निर्देशित इस सीजन को देविका भगत ने लिखा है। इसके डायलॉग्स ईशिता मोइत्रा के हैं। हालांकि, अभी चौथे सीजन की रिलीज डेट जारी नहीं की गई है।

## नहीं छोड़ रही हैं तारक मेहता का उल्टा चश्मा


**नई दिल्ली।** 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' जहां एक तरफ दर्शकों के चहेते शो होने की वजह से चर्चा में हमेशा रहता है, वहीं लंबे समय से इस सीरियल के कलाकारों के बिखरने को लेकर चर्चा में है। दिशा वकानी, झील



मेहता, भाव्या गांधी, गुरुचरण सिंह सोढ़ी जैसे तमाम कलाकारों के 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' छोड़ने के बाद अगला नाम बबीता जी का आ रहा था। लोग कहने लगे थे कि अब बबीता जी के रोल में नजर आनेवालीं मुनमुन दत्ता ने भी इस शो को अलविदा कह दिया है। हालांकि, अब मुनमुन दत्ता ने इन खबरों पर खुद ही चुप्पी तोड़ते हुए वीडियो शेयर किया है। उन्होंने अब खुद ही इन खबरों पर सफाई दे दी है और कन्फर्म किया है वह 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' नहीं छोड़ रही हैं। उन्होंने वीडियो शेयर किया है, जिसमें वो इस शो के अगले एपिसोड की शूटिंग करती नजर आ रही हैं। इस वीडियो में अय्यर के घर की झलकियों के साथ ही मुनमुन के मेकअप रूम की भी झलक नजर आ रही हैं।

# रामायण की शूटिंग खत्म, इमोशनल राम ने लक्ष्मण को कसकर लगाया गले

*__मुंबई।__ बॉलीवुड की मोस्ट अवेटेड फिल्मों में से एक नितेश तिवारी की 'रामायण' की शूटिंग पूरी हो चुकी है। निर्देशक ने सोमवार रात इस फिल्म की शूटिंग खत्म होने पर एक पार्टी रखी जहां भगवान राम बने रणबीर कपूर और लक्ष्मण की भूमिका निभा रहे रवि दुबे के अलावा कई कलाकार और क्रू के साथ निर्देशक नितेश तिवारी खुद मौजूद थे। इस फिल्म से अपने अंतिम सीन की शूटिंग के बाद भगवान राम बने रणबीर कपूर अपने लक्ष्मण यानी रवि दूबे से कसकर गले लगते दिखे। इसी पार्टी के बाद रणबीर अपनी फैमिली के साथ हॉलीडे पर रवाना हो चुके हैं। वहीं, बताया जा रहा है 3 जुलाई को 11 बजे 'रामायण' की पहली झलक पूरी दुनिया के सामने ऑफिशियली दिखाई जाएगी। अब इस इवेंट के कुछ विजुअल सोशल मीडिया पर नजर आए हैं। इन वीडियोज़ में जहां रणबीर 'रामायण' और भगवान राम को लेकर बातें करते दिख रहे हैं, वहीं 'लक्ष्मण' के साथ मिलकर केक काटते भी दिखे। इस मौके पर रणबीर के अलावा निर्देशक तिवारी ने भी कुछ इमोशनल बातें कहीं। इस फिल्म 'रामायण' के मेकर्स द्वारा इसकी झलक दिखाने की जोर-शोर से चर्चा है। हालांकि, सेट से कई तस्वीरें और वीडियो पहले सामने आ चुके हैं। लेकिन, फैन्स को अभी तक इस फिल्म से कोई ऑफिशियल पोस्ट या तस्वीरें नहीं मिली है और इसलिए इसे लेकर लोगों में काफी उत्साह है।*




# तलाक के चार साल बाद फिर प्यार में

**मुंबई।** साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु इन दिनों फिल्मों से ज्यादा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चाओं में बनी हुई हैं। पिछले काफी वक्त से एक्ट्रेस का नाम 'द फैमिली मैन' फेम डायरेक्टर राज निदिमोरु के साथ जोड़ा जा रहा है। दोनों एक-दूसरे के प्यार में हैं और अक्सर दोनों की एकसाथ तस्वीरें भी सामने आती रहती हैं। जिसके बाद दोनों के रिलेशनशिप को लेकर और भी पुष्टि होती है। हालांकि, राज की एक शादी हो चुकी है। फिलहाल अब उनके फैंस को इंतजार है कि सामंथा कब अपने रिश्ते को ऑफिशियल करती हैं। नागा चैतन्य से तलाक के बाद अब सामंथा पूरी तरह से अपनी जिंदगी में आगे बढ़ चुकी हैं। राज निदिमोरु के साथ उनके रिलेशनशिप की खबरें अब अक्सर ही बी-टाउन का हॉट टॉपिक बनती रहती हैं। बीते दिनों सामंथा की तस्वीर भी काफी चर्चा में रही थी जिसमें वो राज के काफी करीब दिख रही थीं। इस तस्वीर के सामने आने के बाद खबरें ये भी आई थीं कि सामंथा राज के साथ लिवइन में रहने वाली हैं। लेकिन बाद में सामंथा की टीम ने इन खबरों को खारिज किया था। लेकिन, अक्सर सामंथा और राज एकसाथ नजर आते हैं। जिससे दोनों के अफेयर के अफेयर की चर्चाएं अब लगभग पक्की हो चुकी हैं। अब मीडिया रिपोर्ट्स में ये दावा किया जा रहा है कि इस साल के अंत तक सामंथा



अपने रिश्ते को ऑफिशियल कर सकते हैं। दोनों जल्द ही अपने इस रिश्ते को एक नाम भी दे सकते हैं। राज निदिमोरु की बात करें तो वो 'द फैमिली मैन' और 'गुलाब एंड गन्स' वाले राज और डीके की जोड़ी वाले राज हैं। राज निदिमोरू एक शादी कर चुके हैं। उन्होंने 2015 में श्यामली डे से शादी की थी।

## कहानी से लेकर बदली तकनीक, लेकिन थिएटर के लिए करती हैं संघर्ष

# बाल फिल्मों के मामले में बच्चा ही रह गया बॉलीवुड

*__नई दिल्ली।__ हाल ही में बच्चों की एक फिल्म देखी, 'चिड़िया'। जीवन की विसंगतियों के बीच सच्ची, सरल और दिल को छूने वाली बालसुलभ कहानी एक लंबे अरसे के बाद देखने को मिली। दुनियाभर के कई प्रतिष्ठित फिल्म फेस्टिवल्स में सराही गई 'चिड़िया'ने भारत में भी समीक्षकों और दर्शकों के दिलों में जगह बनाई। मगर हमारे यहां बच्चों की फिल्में इतनी कम क्यों बनती हैं?*

### पुराने हालात

दुनिया में सबसे ज्यादा फिल्में भारत में बनती हैं। भारतीय सिनेमा 111 साल का बुजुर्ग हो चुका है, लेकिन बाल फिल्म बनाने के मामले में अब भी बच्चा ही है। समय के साथ सिनेमा में तकनीक, कहानियां, विषय - सब कुछ बदलता चला गया, लेकिन बाल फिल्मों के हालात नहीं बदले। वे पहले भी कम बनाई जाती थीं और आज भी कम बनाई जाती हैं।

### फिल्म ने छोड़ी गहरी छाप

कमाल की बात यह है कि गिनती की होने के बावजूद इन फिल्मों का असर बहुत गहरा है। तारे जमीन पर, सीक्रेट सुपर स्टार, स्टेनली का डब्बा, धनक, निल बटे सन्नाटा, जजंतरम ममंत्रम, चिल्लर पार्टी, छोटा चेतन, मिस्टर इंडिया जैसी फिल्मों ने बच्चों के साथ बड़ों को भी लुभाया है। पहले के दशकों में बूट पॉलिश, काबुलीवाला, ब्रह्मचारी, दो कलियां, मासूम जैसी फिल्मों ने बच्चों के मासूम मनोविज्ञान पर छाप छोड़ी।



### फिल्म में किया गया यादगार काम

बालीवुड में बच्चों की मौजूदगी अक्सर सबप्लॉट या गानों के बहाने होती है। पूरी फिल्म को बच्चों के नजरिए से कहना अब भी फिल्मकारों के लिए टेढ़ी खीर है। हिंदी फिल्म जगत में कुछ नाम जरूर रहे, जिन्होंने बाल मन को खंगाला। इनमें गुलजार ने परिचय और किताब जैसी फिल्मों में बच्चों की भावनाओं को सहजता से दर्शाया। विशाल भारद्वाज ने ब्लू अम्ब्रेला और मकड़ी में बच्चों की कल्पना और डर की दुनिया को छूने का साहस दिखाया। आमिर खान 'तारे जमीन पर'से डिस्लेक्सिया जैसे संवेदनशील विषय को केंद्र में लेकर आए। बंगाली सिनेमा की बात करें, तो सत्यजीत रे ने बाल फिल्मों की जो विरासत दी, वह आज भी मिसाल है।

**फिल्म में उदासीनता की वजह :** सवाल है कि दुनिया का सबसे बड़ा फिल्म उद्योग कहलाने वाला भारत बाल फिल्मों को लेकर इतना उदासीन क्यों है? वजह साफ है, हमारे देश में फिल्मकार बच्चों को सीरियस ऑडियंस नहीं मानते। उधर, अभिभावकों को लगता है कि बच्चों को अगर कुछ दिखाना है, तो घर पर ही टीवी पर दिखाया जा सकता है।

### हॉलीवुड से सीखें

*देश में बच्चों की फिल्मों का मार्केट है, तभी हैरी पॉटर या होम अलोन जैसी हॉलीवुड फिल्में यहां आकर रेकॉर्ड तोड़ कमाई करती हैं। हम बजट में उनका मुकाबला नहीं कर सकते, लेकिन 'स्टेनली का डिब्बा' सरीखी मासूम कहानी जरूर बना सकते हैं।*

### सितारों का साथ

*ध्यान देने वाली बात यह भी है कि जब बच्चों की फिल्मों को बड़े सितारों का साथ मिला, तो दर्शकों ने खुलकर सराहा। भूतनाथ में अमिताभ बच्चन और शाहरुख खान, तारे जमीन पर में आमिर खान, मकड़ी में शबाना आजमी, मिस्टर इंडिया में अनिल कपूर-श्रीदेवी - इन सभी उदाहरणों ने यह साबित किया है कि स्टार पावर से बच्चों की फिल्में भी मुख्यधारा में जगह बना सकती हैं।*

## खबर संक्षेप

### हंसना रोगों को विदा करने की अचूक दवा

**गोहाना।** सेक्टर-7 स्थित महर्षि दयानंद सरस्वती पार्क में सुबह 5 बजे से 6:15 बजे तक लगने वाली नियमित योग कक्षा में सोमवार को अंतर्राष्ट्रीय चुटकुला दिवस मनाया गया। शिविर में योग साधकों ने हास्य योग किया। मुख्य वक्ता योगाचार्य डॉ. सुरेश सैनी ने कहा कि हंसना रोगों को विदा करने की अचूक दवा है। हंसना एक योग है। सुबह सायं हास्य योग का अभ्यास करने से सारी चिंताएं मिट जाती हैं।

### दस दिवसीय सांग नाट्य मंचन का शुभारंभ किया

**खरखौदा।** छपडेश्वर धाम में मंगलवार से 10 दिवसीय सांग की शुरुआत हुई। जिसमें सूर्य कवि पंडित लख्मीचंद के पौत्र पंडित विष्णु दत्त शर्मा ने सेठ ताराचंद का किस्सा रागनियों के माध्यम से सुनाया। उन्होंने श्रोताओं को बताया कि काफी समय पूर्व दिल्ली शहर में एक धर्मात्मा सेठ ताराचंद अपनी पत्नी दयावती व पुत्र चंद्रगुप्त के साथ रहते थे। उनकी मुंबई, कोलकाता व अन्य बड़े शहरों में कोठियां और व्यापार था।

### पर्यावरण संरक्षणः गुरु व शिष्यों ने किया पौधरोपण

**गोहाना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत सोमवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना में सोमवार को गुरु और शिष्यों ने पौधारोपण किया। अध्यक्षता प्राचार्य सतेंद्र कुमार ने की। प्राचार्य ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया है।

### पुरानी मंडी गोशाला में गायों को हरा चारा डाला

**गन्नौर।** रोटरी क्लब आफ गन्नौर रॉयल के द्वारा श्री गौशाला पुरानी मंडी स्थित सेवा अभियान के तहत मंगलवार को हरा चारा डालकर सेवा पखवाड़े की शुरूआत की। नवनियुक्त प्रधान प्रवीण मित्तल, सचिव नितिन बंसल, प्रोजेक्ट चेयरमैन सुरेंद्र शर्मा व पवन कुमार ने बताया कि सनातन धर्म में गाय को माता का और सबसे ऊपर दर्जा दिया गया है। क्लब द्वारा मानव सेवा के साथ पशु और पक्षियों की भी हर संभव सहायता की जाएगी।

### इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया

**सोनीपत।** ज्ञान गंगा ग्लोबल स्कूल (जी-3) में सीबीएसई की तरफ से 21वीं सदी के कौशल विषय पर इन हाउस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया, जिसमें 49 शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। इस ट्रेनिंग का उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी के कौशल के मुख्य बिंदुओं से अवगत करवाना था, जिससे वे विद्यार्थियों में इन गुणों का विकास प्रभावी तरीके से कर सकें । स्कूल के चेयरमैन सुधीर जैन, सीईओ संजय जैन, डायरेक्टर ध्रुव जैन ने दीप प्रज्ज्वलित किया।

### राजपुर के 50 परिवारों के प्लाटों की रजिस्ट्री

**गन्नौर।** कई वर्षों से अधिकारियों के चक्कर काट रहे राजपुर गांव के लोगों को महात्मा गांधी ग्रामीण बस्ती योजना के तहत बीपीएल पात्रों को 100-100 वर्ग गज के प्लाटो की अखिरकार रजिस्ट्री कर दी गई। पात्रों की रजिस्ट्री करवाने के लिए मंगलवार को लघु सचिवालय मुरथल बीडीपीओ अंकुर पहुंचे। उनके साथ एसईपीओ सुरेंद्र सिंघला व ग्राम सचिव मंजीत, प्रदीप भी उपस्थित रहे।

*कार्य रुकने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही*

# गढ़ी केसरी से बड़ी संपर्क मार्ग की मरम्मत अधर में लटकी, नारेबाजी

*विभाग ने कार्य के लिए करीब चार लाख रुपये का टेंडर जारी किया था*

## अब अधूरी मरम्मत के कारण और ज्यादा परेशानी हो रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

गढ़ी केसरी से बड़ी रोड तक जाने वाला संपर्क मार्ग वर्षों से खराब हालत में है। कुछ समय पहले मार्केटिंग बोर्ड द्वारा इस मार्ग की मरम्मत का कार्य शुरू कराया गया था, लेकिन अब यह काम अधूरा छोड़ दिया गया है। कार्य रुकने से लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार, विभाग ने इस कार्य के लिए करीब चार लाख रुपये का टेंडर जारी किया था। ठेकेदार ने सड़क के गड्ढों को पैच करने का काम कुछ दिन चलाया, लेकिन फिर काम को बीच में ही बंद कर दिया गया। जिससे यह काम अब अधर में लटका हुआ है। लोगों ने विभाग पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए कहा कि सड़क की हालत पहले ही बेहद खराब है, अब अधूरी मरम्मत से और 'यादा परेशानी हो रही है। लोगों ने संबंधित अधिकारियों से मांग की है कि कार्य को दोबारा शुरू कर जल्द से जल्द पूरा कराया जाए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।


मुरम्मत का कार्य रुकने से क्षतिग्रस्त अवस्था में पड़ा गढ़ी केसरी से बड़ी संपर्क मार्ग।


**गन्नौर।** रोड़े बिछाए बिना सड़क की रिपेयरिंग कार्य करते मजदूर।

## सड़क रिपेयरिंग के काम में अनियमितता से लोगों में रोष

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

पुराने मार्केट कमेटी रोड पर पेयजल लाइन बिछाने के बाद तोड़ी गई सड़क की रिपेयरिंग कार्य में अनियमितता के आरोप सामने आ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क को बिना रोड़े बिछाए ही पक्का किया जा रहा है, जिससे निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। लोगों ने आरोप लगाया कि निर्माण एजेंसी द्वारा जल्दबाजी में खानापूर्ति करते हुए मिट्टी पर ही सड़क को पक्का करने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे कुछ ही समय में सड़क फिर से क्षतिग्रस्त हो सकती है। इससे न केवल सरकारी धन की बर्बादी होगी, बल्कि आम लोगों को भी भारी परेशानी झेलनी पड़ेगी। स्थानीय लोगों ने इस लापरवाही को लेकर नाराजगी जताते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों से जांच की मांग की है। उनका कहना है कि जब तक मानकों के अनुरूप कार्य नहीं किया जाता, तब तक निर्माण कार्य को रोका जाना चाहिए। लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि अनियमितता जारी रही तो वे सीएम विंडो पर शिकायत देकर निर्माण कार्य की जांच करवाएंगे।

### नियमानुसार 1.5 से 2 इंच रोड़े डलवा कर सड़क रिपेयरिंग होगी : जेई

जनस्वास्थ्य विभाग के जेई बसंत कुमार ने बताया कि नियमानुसार 1.5 से 2 इंच रोड़े डलवा कर सड़क रिपेयरिंग करवाई जाती है। पुराने मार्केट कमेटी रोड पर कुछ जगहों पर उन्हें भी शिकायत मिली थी, जिस पर उन्होंने मौका निरीक्षण कर सड़क को नियमानुसार बनवाया था। यदि कुछ और जगहों पर ऐसा हुआ है तो वह इसकी भी जांच करवाएंगे। गड़बड़ी मिली तो सड़क को फिर तोड़ कर रोड़े डलवा कर उसे ठीक करवाएंगे।


**सोनीपत।** एचएसवीपी कार्यालय में धरना देते यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

## अप्रूवल और सेवा सुरक्षा की मांग को लेकर आंदोलन तेज

- एचएसवीपी कार्यालय पर कर्मचारियों का धरना प्रदर्शन शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच मुख्यालय सोनीपत के बैनर तले हरियाणा कौशल रोजगार निगम, हुड्डा यूनियन और एचएसवीपी वर्कर यूनियन के कर्मचारियों ने सोमवार को सेक्टर-15 स्थित एचएसवीपी कार्यालय पर दोपहर 12 से 2 बजे तक सामूहिक धरना प्रदर्शन किया। धरने की अध्यक्षता टीनू मदान और महावीर नागर ने की, जबकि संचालन सुरेश रोहिल्ला ने किया। कर्मचारियों ने चेताया है कि यदि मांगें पूरी नहीं हुईं, तो आंदोलन को राज्यव्यापी रूप देने से भी पीछे नहीं हटेंगे। सभा को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते आरके नागर, प्रदेश महासचिव, हरियाणा संयुक्त कर्मचारी मंच ने बताया कि एचएसवीपी सोनीपत में कार्यरत 80 कर्मचारियों की सेवा अनुमोदन (अप्रूवल) 30 जून 2025 को समाप्त हो गई है। इसी प्रकार राज्य के विभिन्न जिलों में सैकड़ों कर्मचारियों की अप्रूवल भी समाप्त हो चुकी है, लेकिन मुख्यालय की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। 12 जून 2025 को कार्यकारी अभियंताओं द्वारा चीफ इंजीनियर को पत्र भेजकर आगामी एक वर्ष की अप्रूवल देने की सिफारिश की गई थी, परंतु अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। कई बार कौशल रोजगार निगम, एचआरडी और मुख्यालय को पत्र लिखे गए हैं, यहां तक कि मुख्यमंत्री को ज्ञापन भी सौंपे जा चुके हैं, लेकिन संबंधित अधिकारी इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं ले रहे। कर्मचारी मंच ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया है कि जब तक सभी कर्मचारियों को एक वर्ष की नई अप्रूवल और सेवा में पुनः जॉइनिंग नहीं दी जाती, तब तक यह धरना प्रतिदिन दोपहर 2 घंटे तक जारी रहेगा। यदि 15 जुलाई 2025 तक मांगे पूरी नहीं होतीं, तो 16 जुलाई से जल आपूर्ति और सीवर सेवाएं बंद कर हड़ताल शुरू कर दी जाएगी। सभा को संबोधित करते हुए ध्रुव कुमार, समेश कुमार और संजीव कुमार ने राज्य सरकार से मांग की कि कौशल रोजगार निगम के कर्मचारियों को मेडिकल सेवा सुरक्षा दी जाए, सभी कर्मचारियों के पहचान पत्र (ID कार्ड) बनवाए जाएं।

## दो साल पहले बनाई गई सड़कें लगी उखड़ने, लोगों ने उठाई जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गन्नौर

नगरपालिका गन्नौर की अनदेखी से जुड़ा एक बड़ा मामला सामने आया है, जिसमें करोड़ों रुपये की लागत से बनाई गई दो सड़कें मात्र दो ही सालों में टूटने लगी हैं। नगरपालिका स्टेडियम से माडल संस्कृति स्कूल तक सड़क का निर्माण नगरपालिका द्वारा कराया गया था, लेकिन मात्र दो माह बाद ही सड़क जगह-जगह से टूटने लगी, इसके अलावा गैस गोदाम से गढ़ी केसरी तक सड़क का निर्माण भी नगरपालिका द्वारा करवाया गया था। निर्माण के दो साल बाद ही यह सड़क भी कई जगहों से उखड़नी शुरू हो गई है।



विभाग ने शिकायतों के बाद भी सिर्फ औपचारिकता निभाते हुए खानापूर्ति के तौर पर कुछ जगहों पर रिपेयरिंग कराई और ठेकेदार को भुगतान भी कर दिया। स्थानीय निवासी सुनील, रमेश, रामेश्वर और विनोद का कहना है कि उन्होंने कई बार विभाग को सड़क की खराब हालत को लेकर शिकायत दी, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। खबर प्रकाशित होने के बाद ही विभाग हरकत में आया और ठेकेदार को सड़क रिपेयर करने के आदेश दिए गए, लेकिन ठेकेदार ने केवल कुछ जगहों से मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में भारी अनियमितता हुई है, जिसकी जांच होनी चाहिए।

### जिम्मेदार झाड़ रहे पल्ला

इस संबंध में जिम्मेदार अधिकारी एक-दूसरे पर पल्ला झाड़ते नजर आ रहे हैं। नगरपालिका सचिव प्रदीप खर्ब ने कहा कि इस संबंध में पालिका अभियंता ही बता सकते हैं। जब पालिका अभियंता से संपर्क करने का प्रयास किया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।

## सोनीपत में एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम प्रारंभ

- पहले दिन 543 गर्भवती का किया चेकअप, 150 हाई रिस्क मिली

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

जिले में सोमवार से एनीमिया मुक्त भारत कार्यक्रम की शुरुआत हो गई है। यह कार्यक्रम साल में दो बार आयोजित किया जाता है और इसका उद्देश्य जिले में एनीमिया के प्रसार को कम करना और नागरिकों के स्वास्थ्य में सुधार लाना है। जिला नागरिक अस्पताल सहित 23 जगहों पर कैंपों का आयोजन किया गया। कैंप में करीब 543 गर्भवती महिलाओं की जांच की। जिसमें से 150 महिलाओं का हाई रिस्क गर्भ मिला है। विभाग की तरफ से महिलाओं को रिकार्ड तैयार किया गया है। विभाग की तरफ से महिलाओं के स्वास्थ्य को लेकर विशेष ध्यान रखा जायेगा। बता दें कि यह विशेष स्वास्थ्य अभियान 1 जुलाई से 31 जुलाई तक चलेगा। जिला नोडल अधिकारी डा. जितेंद्र ने बताया कि यह कार्यक्रम छह लाभार्थी आयु समूहों को ध्यान में रखते हुए लागू किया जा रहा है, जिनमें 6 से 59 महीने के बच्चे, 5 से 9 वर्ष के बच्चे, 10 से 19 वर्ष के किशोर-किशोरियां, गर्भवती महिलाएं, स्तनपान कराने वाली माताएं और 15 से 49 वर्ष की प्रजनन आयु वर्ग की महिलाएं शामिल हैं। मंगलवार को पहले दिन विभाग की तरफ से 23 कैंपों का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम को पूरा महीना चलाया जायेगा। जो सभी प्रकार की कमी महिलाओं में मिलेगी उसके लिए विभाग की तरफ से जरूरी कदम उठाने का काम किया जायेगा।


**सोनीपत।** कैंप में जांच करते स्वास्थ्य कर्मी। *फोटो :हरिभूमि*

### की जाने वाली कार्यवाही

स्वास्थ्य कार्यकर्ता एनीमिया से पीड़ित लोगों की पहचान करेंगे और उन्हें आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियां और सिरप वितरित करेंगे। साथ ही, आमजन को एनीमिया की रोकथाम और उपचार के बारे में जागरूक भी किया जाएगा। यह अभियान जिले के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, उप-स्वास्थ्य केंद्रों और आंगनवाड़ी केंद्रों के माध्यम से चलाया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग ने नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने और स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग करने की अपील की है। एनीमिया की समस्याः जिला नोडल अधिकारी ने बताया कि एनीमिया एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य समस्या है, जो खासतौर पर महिलाओं और बच्चों को प्रभावित करती है। ऐसे में यह अभियान जिले में स्वास्थ्य सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।


**गोहाना।** स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर गांव आंवली में पहुंची टीम।

### अपर रैंक वाली ग्राम पंचायत होंगी सम्मानित

**गोहाना।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत विकास खंड गोहाना की 35 ग्राम पंचायतों में से स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए गांव कटवाल, मोई हुड्डा और आंवली इन तीन ग्राम पंचायतों को चुना गया है। उत्तराखंड से आई टीम द्वारा इन तीनों गांवों का सर्वेक्षण किया। इनमें जो भी ग्राम पंचायत अपर रैंक हासिल करेगी उसे मिशन के तहत सम्मानित किया जाएगा। सरकार द्वारा शहर और गांवों में स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। विकास खंड गोहाना में स्वच्छता आकलन के लिए उक्त तीन ग्राम पंचायतों को चुना गया है। तीनों गांवों में स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए उत्तराखंड से टीम पहुंची। टीम ने गांव की गलियों और सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर स्वच्छता सर्वेक्षण करके रिपोर्ट तैयार की। टीम इस रिपोर्ट को सरकार के पास भेजेगी। सर्वेक्षण में जो भी ग्राम पंचायत अपर रैंक हासिल करेगी उसे विशेष सम्मान दिया जाएगा। खंड विकास प्रबंधक रामसेवक ने जनसामान्य से गांवों को स्वच्छ रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचायत विभाग द्वारा गांवों को स्वच्छ बनाने के लिए विशेष ध्यान दिया जा रहा है। गांवों में कहीं पर भी कूड़ा-कर्कट, गंदगी या दूषित पानी दिखाई दे तो इसकी सूचना शीघ्र ग्राम पंचायत के सरपंच या फिर बीडीपीओ कार्यालय को दें।

## पीएमएवाई की दूसरी किस्त जारी करने की मांग को लेकर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

करेवाड़ी गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त जारी न होने से नाराज ग्रामीणों ने जिला पार्षद संजय बड़वासनिया के नेतृत्व में एडीसी कार्यालय के बाहर प्रदर्शन किया। जिला पार्षद ने बताया कि करीब तीन महीने पहले पहली किस्त जारी की गई थी, लेकिन दूसरी किस्त अब तक नहीं मिलने के कारण मकानों का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। बारिश के चलते गरीब परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवार अस्थायी तिरपाल के नीचे रहने को मजबूर हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि बीपीएल परिवारों की दूसरी किस्त की राशि जल्द से जल्द जारी की जाए ताकि वे अपने मकान पूरा कर सकें। प्रदर्शन के बाद जिला पार्षद संजय बड़वासनीय ने अतिरिक्त उपायुक्त पवन सिंह से मुलाकात की और स्थिति से अवगत कराया। एडीसी पवन सिंह ने आश्वासन दिया कि एक सप्ताह के भीतर दूसरी किस्त जारी कर दी जाएगी।


**सोनीपत।** अतिरिक्त उपायुक्त कार्यालय के बाहर विरोध जताते ग्रामीण।


**सोनीपत।** कार्यक्रम के दौरान उपस्थित फाउंडेशन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण।

### सेवा भाव दिखाने वाले युवा सम्मानित

**सोनीपत।** स्प्रेड स्माइल फाउंडेशन द्वारा जून माह में शुरू किए गए समर इंटर्नशिप प्रोग्राम के समापन पर एक विशेष समारोह आयोजित कर 55 युवा इंटर्न्स को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को समाज सेवा से जोड़ना और उन्हें जमीनी हकीकत से अवगत कराना रहा। इंटर्नशिप के दौरान युवाओं को संस्था द्वारा संचालित चार निशुल्क पाठशालाओं शुभ (सेक्टर 12), स्नेह (सेक्टर 15), वात्सल्य (सेक्टर 23) और संचित (बस स्टैंड के निकट) में सेवा करने का अवसर मिला। इन युवाओं ने न केवल बच्चों को पढ़ाया, बल्कि झुग्गी बस्तियों में जाकर परिवारों को शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम में अनूप बाला, शारदा रेलन, तान्या, अनन्या, चिराग, प्रेरणा और प्रियंका सहित कई मार्गदर्शकों ने युवाओं को समय-समय पर प्रेरित किया।


**सोनीपत।** बैठक में उपस्थित सीटू के पदाधिकारी एवं सदस्यगण। *फोटो :हरिभूमि*

### सीटू ने किया बैठक का आयोजन

**सोनीपत।** मजदूर संगठन सीटू के वरिष्ठ नेता आनन्द शर्मा एवं जिला प्रधान अनीता ने कहा कि 9 जूलाई की राष्ट्रीय हड़ताल ऐतिहासिक होगी जो केन्द्र व राज्य सरकार के लिए कील का काम करेगी और मजदूर, किसान आन्दोलन को ताकत मिलेगी। वे छोटूराम धर्मशाला सोनीपत में सीटू की जरनल बॉडी मीटिंग को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि केन्द्र की भाजपा सरकार मजदूरों को कार्पोरेट का गुलाम बना रही है, मजदूरों द्वारा संघर्ष के बल पर हासिल किए गए 44 श्रम कानूनों को 4 कोड में बदल कर मजदूरों के खिलाफ और कार्पेट के पक्ष में सुधार के नाम पर लागू किये जा रहे हैं जिसे मजदूर जमात किसी भी सुरत में बर्दाशत नहीं करेगी और 9 जूलाई को पूरे देश में काम छोड़ हड़ताल करते हुए सडकों पर उतरेंगे। इसकी तैयारियों को लेकर 2 जुलाई को गोहाना, मुडलाना, कथूरा ब्लाकों की सयुक्त मीटिंग नेहरू पार्क गोहाना में होगी, 3 जुलाई को लहरी सिंह पार्क गन्नौर में मीटिंग होगी, 4 जुलाई को बाल्मीकि मन्दिर खरखोदा में होगी, छह को नाहरी में प्रवासी एवं औधोगिक मजदूरों की मीटिंग होगी।

*राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में एडमिशन के लिए बढ़ाई आवेदन की तिथि*

# अब तीन जुलाई तक कर सकेंगे दाखिलों के लिए आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सोनीपत

राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सोनीपत में डिप्लोमा इंजीनियरिंग कोर्स में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। संस्थान ने तीन वर्षीय डिप्लोमा इंजीनियरिंग में प्रवेश के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर अब 3 जुलाई कर दी है। आवेदक संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं। इस वर्ष संस्थान में 8 कोर्सों में कुल 630 सीटों पर दाखिला किया जाएगा।

दाखिला शाखा प्रभारी राजीव वर्मा ने बताया कि सोमवार तक 580 आवेदन डिप्लोमा इंजीनियरिंग के लिए और 180 आवेदन लेटरल एंट्री स्कीम के तहत प्राप्त हो चुके हैं। सभी आवेदनों के दस्तावेजों का विभाग द्वारा सत्यापन प्रक्रिया जारी है। आवेदक आनलाइन आवेदन कर रहे हैं। इनके दस्तावेजों का मिलान विभाग की ओर से किया जा रहा हैं। डिप्लोमा इंजीनियरिंग की पहली मेरिट लिस्ट आठ जुलाई व डिप्लोमा इंजीनियरिंग की लेटरल एंट्री की मेरिट लिस्ट चार जुलाई को जारी की जाएगी। ये कागजात हैं जरूरीः राजकीय बहुतकनीकी संस्थान में दाखिले के लिए विद्यार्थी के पास दसवीं कक्षा का प्रमाण पत्र, परिवार पहचान पत्र, दो साल का आइटीआइ कोर्स जो भी लागू होता है, उसके प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र, आधार कार्ड होना जरूरी हैं। इसके अलावा आय प्रमाण पत्र (वित्त वर्ष 2025 का बना हुआ होना चाहिए), बैंक खाते की कापी, पासपोर्ट साइज फोटो, अभ्यर्थी के माता-पिता का मोबाइल नंबर भी होना चाहिए। सामान्य वर्ग के लिए गैर वापसी योग्य पंजीकरण शुल्क एक हजार रुपये और आरक्षित वर्ग व महिला उम्मीदवार के लिए 700 रुपये रखा गया हैं।


फाइल फोटो

### दाखिले के लिए आवेदन

हरियाणा खेल विश्वविद्यालय, राई में दाखिले के लिए केवल 15 दिन शेष रह गए हैं। विश्वविद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के प्रति विद्यार्थियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। अब तक 500 सीटों के लिए 600 से अधिक आनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति अशोक कुमार ने बताया कि शैक्षणिक सत्र में चार वर्षीय बीएससी (खेल विज्ञान) व बीपीईएस (बैचलर आफ फिजिकल एजुकेशन एंड स्पोर्ट्स) में 12वीं कक्षा के बाद प्रवेश लिया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, स्नातक के बाद दो वर्षीय एमपीईएस (शारीरिक शिक्षा एवं खेल) में प्रवेश की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

### किस विषय की कितनी सीटें

| विषय | सीटें |
|---|---|
| आइ एंड सी इंजीनियरिंग | 60 |
| इलेक्ट्रोनिक्स इंजीनियरिंग | 60 |
| केमिकल इंजीनियरिंग | 60 |
| कम्प्यूटर इंजीनियरिंग | 90 |
| मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 120 |
| आटोमोबाइल इंजीनियरिंग | 120 |
| फाइनेंस अकाउंट एंड ओडिटिंग | 60 |
| इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग | 60 |

# गढ़ मीरकपुर में सीबीजी प्लांट एलआर एनर्जी का होगा ट्रायल

## जैविक खाद से जमीन की सेहत सुधारने के लिए सरकार ने लॉन्च की योजना

इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों को ट्रायल के तौर पर चिन्हित किया गया है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

फसलों में यूरिया व दवाइयां के अंधाधुंध प्रयोग से जमीन की घटती उर्वरक शक्ति और बिगड़ती सेहत को बनाए रखने के लिए हरियाणा सरकार ने फसलों में जैविक खाद के इस्तेमाल करने की योजना लागू की है। इस योजना के प्रथम चरण में प्रदेश के सात जिलों को ट्रायल के तौर पर चिन्हित किया गया है।

प्रदेश के सात जिलों में सोनीपत जिले में राई ब्लॉक के गांव गढ़ मीरकपुर में स्थित सीबीजी प्लांट एल आर एनर्जी को ट्रायल के लिए चुना गया है प्लांट के नजदीकी गांवों में 125 एकड़ में जैविक खाद का प्रयोग करके जमीन की सेहत को परखा जाएगा।

बता दें कि इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिए कृषि विभाग के सहायक कृषि अभियंता नवीन हुड्डा ने राई खंड के कृषि कार्यालय में कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कर्मचारियों को कहा कि क्षेत्र के कुछ जागरूक किसानो को चिन्हित करके इस योजना में शामिल करें। इस योजना की विस्तार से जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि गोबर गैस प्लांट से गोबर का प्रयोग करने के बाद जो खाद निकलती है। कृषि विभाग जिन किसानों को जैविक खाद फ्री वितरित करेगा। उस खेत की मिट्टी की जांच के लिए सैंपल लिए जाएंगे और इस खाद के प्रयोग करने के 6 महीने बाद फिर उस जमीन का सैंपल लिया जाएगा। इससे विभाग यह देखेगा की इस जैविक खाद्य के प्रयोग से जमीन की उर्वरक शक्ति वह फसल के गुणवत्ता में कितना सुधार हुआ है। इस जैविक खाद के प्रयोग से जमीन की सेहत व पैदावार में अगर सुधार पाया गया तो गेहूं की फसल में जैविक खाद के प्रयोग का दायरा और बढ़ा दिया जाएगा।

**ये रहे मौजूदः** बैठक में खंड कृषि अधिकारी अमरजीत, कृषि विकास अधिकारी दिनेश व जेई संदीप मौजूद रहे।


सोनीपत। बैठक के दौरान अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए। फोटो : हरिभूमि


सोनीपत। शिविर में मरीजों की जांच करते हुए चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

## नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित 120 मरीजों की निःशुल्क जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सोनीपत

अग्रवाल धर्मशाला, गुड़मंडी में महाराजा अग्रसेन समिति द्वारा 34वां नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में दिल्ली के वेणु आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर से आई डॉक्टरों की टीम ने 120 मरीजों की आंखें निःशुल्क जांची।

शिविर में 9 मरीजों में मोतियाबिंद की पुष्टि हुई, जिन्हें आज ही दिल्ली ऑपरेशन के लिए भेजा गया। अन्य मरीजों को आंखों की बीमारियों के अनुसार मुफ्त दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। वृद्धजनों को आवश्यकतानुसार दवाइयां और अन्य जरूरी सामग्री निःशुल्क दी गई। वर्मा लैब द्वारा ब्लड शुगर और बीपी की जांच भी निशुल्क की गई। समिति के उपप्रधान और मीडिया प्रभारी संजय सिंगला ने बताया कि 34वें शिविर में भी सभी सदस्य एकजुट होकर जनसेवा में जुटे और आगे भी यह प्रयास जारी रहेगा। इस अवसर पर समिति के सदस्य महासचिव ओडी गर्ग, दयाराम जैन, डॉ. राजेश गुप्ता, राजीव गर्ग, लक्ष्य गोयल, आशु मंगला, विनोद गोयल, साहिल मित्तल, अमन गोयल, दीपक कुमार आदि मौजूद रहे।

### खबर संक्षेप



सोनीपत। रक्तदान करते मोहित के साथ प्रेम गौतम एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

### डॉक्टर्स डे पर मोहित ने किया रक्तदान

**सोनीपत।** डॉक्टर्स डे के अवसर पर मंगलवार को मोहित ने नागरिक अस्पताल में पहुंचकर रक्तदान किया। मोहित ने कहा कि रक्तदान करना एक सामाजिक दायित्व है और इससे मरीजों की जान बचाने में मदद मिलती है। मोहित ने बताया कि उसे रक्तदान की प्रेरणा रक्तवीर प्रेम गौतम से मिली। मोहित के इस नेक कार्य की सराहना करते हुए सामाजिक कार्यकर्ता प्रेम गौतम ने कहा कि रक्तदान करने से न केवल मरीजों को लाभ होता है, बल्कि इससे समाज में रक्तदान के प्रति जागरूकता भी बढ़ती है। मोहित ने चौथी बार आज रक्तदान किया है। इस मौके पर रक्तकोष प्रभारी डॉ. भानु शर्मा ने सभी को बधाई दी व मोहित को रक्तदान प्रमाण पत्र भेंट कर उसका हौसला बढ़ाया। इस अवसर पर अभिषेक, चंद्रकांता, विकास, केशव सहित रक्तकोष का पूरा स्टाफ मौजूद रहा।

### मंदिर के समर्थन में उतरा जाट जोशी

**सोनीपत।** राठधना में निर्माणाधीन शिव रामेश्वर धाम मंदिर को गिराने के लिए नगर निगम सोनीपत द्वारा नोटिस चिपकाए गए है। इस बात के विरोध में गांव जाट जोशी में 3 जुलाई को मीटिंग बुलाई गई है, जिसमें गांव जाट जोशी की तरफ से राठधना में बन रहे मंदिर को समर्थन भी दिया जाएगा। ग्रामीणों ने बताया कि कोई मंदिर किसी एक गांव का नहीं होता, मंदिर पूरे समाज का होता है। प्रत्येक हिन्दू के लिए ये आवश्यक है कि समाज में मंदिर निर्माण हो ओर मंदिर सुरक्षित रहे।

### शिवाला मस्तनाथ में कांवड़ सेवा शिविर 15 से

**गोहाना।** शहर में पुरानी सब्जीमंडी के समीप स्थित सनातन धर्म मंदिर शिवाला मस्तनाथ में 15 से 22 जुलाई तक कांवड़ सेवा शिविर और शिव महापुराण कथा आयोजित होगी। कथा व्यास प्रीति रामनुज होंगी। 15 जुलाई को 9 बजे कलश पूजन होगा। 10 बजे कलश यात्रा निकाली जाएगी और उसके बाद प्रसाद वितरण होगा। कथा का समय सायं 3 बजे से 5:30 बजे तक का रहेगा। कथा के शुभारंभ की मुख्य अतिथि डीसीपी गोहाना भारती डबास होंगी। गरिमामयी उपस्थित नगर पार्षद अंजु कालड़ा की रहेगी। शिव महापुराण कथा में 16 जुलाई को शिवलिंग प्रकट एवं रुद्र महाभिषेक महत्व, 17 को शिव विवाह एवं 18 को कार्तिक एवं गणेश जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा। 19 को गणेश विवाहोत्सव एवं तारकासुर वध कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में मुख्यातिथि मंत्री डॉ. अरविंद शर्मा और उनकी पत्नी रिटा शर्मा होंगे। 20 को शिव अवतारी हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम होगा।

## अवकाश के बाद हवन से पढ़ाई का शुभारंभ



गन्नौर। हवन यज्ञ कर मां सरस्वती की पूजा करते शिक्षक व छात्र। फोटो : हरिभूमि

**गन्नौर।** भांवर-खुबडू रोड स्थित नव ज्योति शिक्षा सदन में ग्रीष्मकालीन अवकाश के समापन पर हवन यज्ञ किया गया। आचार्य बिजेंद्र देव शास्त्री व सुषमा शास्त्री के मार्गदर्शन में हुए हवन में मां सरस्वती से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। प्रधानाचार्य राजेंद्र कौशिक ने बच्चों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने हेतु ऐसे आयोजनों को आवश्यक बताया। कार्यक्रम में 600 से अधिक विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित रहे। शास्त्रीजी ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सकारात्मक सोच अपनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षक जसवंत धनखड़, संजीत कौशिक, पवन कौशिक, प्रिया वशिष्ठ, कुसुम सैनी, मंजू धनखड़ आदि मौजूद रहे।

## बूस्टर पर लाइन की मरम्मत कार्य के चलते बाधित रही पेयजल आपूर्ति



**सोनीपत।** शहर के ओल्ड तहसील बूस्टर स्टेशन पर सोमवार को हुए मरम्मत कार्य के चलते वार्ड नंबर 15, 16 और 17 में दिनभर पेयजल संकट बना रहा। बूस्टर से जुड़ी सभी पाइपलाइनें बंद रहने के कारण इन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति पूरी तरह बाधित रही। प्राप्त जानकारी के अनुसार, कालूपुर चुंगी के पास ओल्ड रोहतक रोड पर पानी की मुख्य लाइन में लीकेज हो गई थी। जिसकी वजह यहां से गुजर रहा एक ट्रक था, जोकि सड़क के किनारे बैठ गया था, जिसकी वजह से लाइन लीकेज हो गई थी। इसके चलते बूस्टर से जाने वाली सभी जल आपूर्ति को तत्काल प्रभाव से बंद करना पड़ा। नगर निगम के जल विभाग ने स्थिति को गंभीरता से लेते हुए तुरंत मरम्मत कार्य शुरू किया, जो शाम करीब 6 बजे तक चला। मरम्मत कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित क्षेत्रों में पानी की सप्लाई धीरे-धीरे सामान्य की गई।

## 11 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा, छह का चयन



सोनीपत। विजेता खिलाड़ियों के साथ कोच एवं अन्य। फोटो : हरिभूमि

**सोनीपत।** हरियाणा आइस स्केटिंग एसोसिएशन ने सभी खिलाड़ियों के लिये देहरादून में हिमाद्री आइस स्केटिंग रिंग पर एक कैंप का आयोजन किया। 8 व 9 जून को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सोनीपत के 11 खिलाड़ियों ने कैंप में हिस्सा लिया। जिसमें रैना ने 2 स्वर्ण, अंशिका ने 1 रजत व 1 कांस्य, गौरव ने 2 रजत, शिवांक ने 2 कांस्य, पूरब ने 1 कांस्य व देवेश ने 1 कास्य पदक जीत कर सोनीपत का नाम रोशन किया। इन सभी खिलाड़ियों का चयन नेशनल प्रतियोगिता के लिये हो गया है, जोकि 25 जून से 28 जून तक देहरादून में होनी तय है। सोनीपत आइस स्केटिंग एसोसिएशन के प्रधान कर्ण चहल, महासचिव मनीष नैन, उपप्रधान डॉ. मोनिका ने खिलाड़ियों को मिठाई खिलाकर बधाई दी।

## नाहरी में एथलेटिक व वॉलीबॉल की खेल नर्सरी करवाई स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राई



**हर महीने मिलेंगे 2 हजार रुपयेः** खेल अधिकारी मनोज यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि खेल नर्सरी में 8 से 14 साल के एथलेटिक व वालीवाल में बेहतर प्रदर्शन करने वाले गांव के बच्चों का चयन किया जाएगा। नर्सरी में चयनित गांव के 8 साल से 14 साल के खिलाड़ी को हर महीने 1500 रूपयें व 14 साल से 19 साल के खिलाड़ी को हर महीने 2000 रूपयें दिए जाएंगे ताकि वह उस पैसे का अपने खेल से संबधित कार्य व खाने पर खर्च कर सके।

नाहरी में विधायक कृष्णा गहलावत द्वारा बच्चों में छूपी खेल प्रतिभा को तराशने के लिए एथलेटिक व वालीवाल खेल की खेल नर्सरी स्वीकृत करवा दी है। इसके लिए विधायक कृष्णा गहलावत का ग्रामीणों ने आभार व्यक्त किया। विधायक ने बताया कि नाहरी गांव में पहले भी विभिन्न खेलो में गांव के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय व अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर खेलों में गांव का नाम रोशन किया है। यह उनके लिए बड़े गर्व की बात है।

उनका प्रयास है कि गांव में खेल प्रतिभाएं छूपी है। अगर उनकों तराश जाए और आगे बढ़ने का मौका मिले तो गांव के छोटे बच्चे भी खेलो में आगे आकर गांव का नाम रौशन कर सकते है। विधायक कृष्णा गहलावत ने बताया कि गांव के राजकीय स्कूल में खुलने वाली खेल नर्सरी खुलने से गांव में ही खिलाड़ियों को कोच व अन्य सुविधा मिलेगी। भाजपा नाहरी मंडल के अध्यक्ष वेदपाल शास्त्री ने गांव में खेल नर्सरी स्वीकृत करवाए जाने पर विधायक कृष्णा गहलावत का आभार व्यक्त किया। मंडलध्यक्ष वेदपाल शास्त्री ने कहा कि विधायक के प्रयास से गांव में छूपी खेल प्रतिभा तरसकर आगे आएगी।

## मादक पदार्थ तस्करी का आरोपित किया गिरफ्तार, अदालत ने भेजा रिमांड पर



**सोनीपत।** क्राइम यूनिट पश्चिम ने मादक पदार्थ तस्करी की वारदात में शामिल आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपित साहिल निवासी गांव तेवड़ी का है। पुलिस ने आरोपित को अदालत में पेश किया। जहां से उसे दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है। उप निरीक्षक आजाद सिंह ने बताया कि उनकी टीम गश्त के दौरान सूरी पेट्रोल पंप वाली गली में मौजूद थी। उन्हें जानकारी मिली कि सेक्टर-23 के आउटर रोड पर नशीला पदार्थ बेचा जा रहा है। टीम ने छापेमारी करते हुए आरोपित को काबू कर लिया। उसके पास से 43 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ। आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर अदालत में पेश किया। अदालत ने आरोपित को दो दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा है। रिमांड अवधि के दौरान आरोपित से पूछताछ की जा रही है।

## देश के विकास में सीए का अहम योगदान : लठवाल



**सोनीपत।** आईसीएआई की सोनीपत शाखा ने मंगलवार को सीए दिवस मनाया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष सीए विजय लठवाल ने ध्वजारोहण किया। उन्होंने कहा कि सीए देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। ध्वजारोहण के बाद सदस्यों के लिए इंडोर गेम्स का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सीए विजय लठवाल (अध्यक्ष), सीए राजेश रानी मलिक (उपाध्यक्ष), सीए मोहन बंसल (सचिव), सीए अक्षय गर्ग (कोषाध्यक्ष), सीए ध्रुव कुच्छल (निकासा अध्यक्ष) और सीए प्रतीक गुप्ता (आईटी एवं न्यूज़लेटर कमेटी अध्यक्ष) उपस्थित रहे। अन्य सदस्य सीए वरुण वत्स, सीए गौरव शर्मा, सीए शुभम कामरा, सीए सम्यक, सीए आलोक गर्ग, सीए सरश जैन, सीए सुरेंदर नासा, सीए संजय गर्ग, सीए विशाल बत्रा, सीए परवीन मदान, सीए हितेश ढुल, सीए भावना, सीए हार्दिक आदि भी ध्वजारोहण में शामिल हुए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन : 0130-2989288, 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
हरिभूमि कार्यालय, बीएसएनएल के सामने, पुल के साथ, सोनीपत
फोन 0130-4012310, 9253681028

## जून में 94 अपराधी किए गिरफ्तार, 64 लाख की संपत्ति बरामद, दो इनामी धरे

**सोनीपत।** जिले में पुलिस ने जून माह में अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए कई सफलताएं हासिल की हैं। विशेष अभियान के तहत पुलिस ने 94 अपराधियों को गिरफ्तार किया और 64 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति बरामद की। हत्या, लूट, डकैती, चोरी और मादक पदार्थों से संबंधित अपराधों में शामिल कई वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता रविंद्र सिंह के अनुसार जून में गिरफ्तार किए गए अपराधियों में 2 इनामी बदमाश, 9 घोषित अपराधी, 10 घोषित व्यक्ति और 60 बेल जंपर शामिल हैं। कुख्यात अपराधी रवि उर्फ लाम्बा (45,000 इनाम) और चांद उर्फ पहलवान (10,000 इनाम) को मुठभेड़ों के बाद गिरफ्तार किया गया। आबकारी अधिनियम (एक्साइज एक्ट) के 9 मामलों में 12 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

**हत्या व हत्या के प्रयास के मामलों में कार्रवाईः** पुलिस ने हत्या के 5 मामलों में 4 आरोपियों और हत्या के प्रयास के 5 मामलों में 18 आरोपियों को गिरफ्तार किया। 28 जून को खरखौदा में बृजेश की हत्या के मामले में रवि उर्फ लाम्बा को मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

**लूट, डकैती और छीना-झपटीः** जिले में लूट (धारा 309 बीएनएस) के 5 मामलों में 9 आरोपियों, डकैती (धारा 310 बीएनएस) के 3 मामलों में 3 आरोपियों और छीना-झपटी (धारा 304, 134 बीएनएस) के 7 मामलों में 9 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। इन अपराधों से संबंधित 64 लाख 66 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की गई।

**चोरी व गृहभेदन में कार्रवाईः** गृहभेदन (धारा 305 बीएनएस) के 36 मामलों में 12 आरोपियों और सामान्य चोरी के 47 मामलों में 30 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही, वाहन चोरी के 57 मामलों में 17 आरोपियों को पकड़ा गया। 19 मोटरसाइकिल, 2 स्कूटी और 1 कार सहित 6 लाख 15 हजार रुपये की संपत्ति बरामद की गई। वाहन चोरी और गृहभेदन गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जिनसे 13 लाख 35 हजार रुपये का माल बरामद हुआ। मादक पदार्थ अधिनियम (एनडीपीएस एक्ट) के तहत 11 मामलों में 22 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। लूट के मामले में आरोपी संदीप को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया।

## कांवड़ यात्रा : जुगाड़ वाहनों पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंधः उपायुक्त

**सोनीपत।** श्रावण माह में 11 जुलाई से 23 जुलाई तक आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासन ने व्यापक तैयारियों के तहत सुरक्षा दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उपायुक्त सुशील सारवान ने कहा कि यात्रा के दौरान कांवड़ियों की सुरक्षा सर्वोपरि रहेगी और इसके लिए नियमों का पालन अनिवार्य होगा। सभी संबंधित विभागों को नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्देश दिए गए हैं कि पैदल कांवड़ की ऊंचाई 7 फीट से अधिक न हो, झांकी की ऊंचाई अधिकतम 12 फीट निर्धारित की गई है, ताकि बिजली की तारों से टकराव की स्थिति न बने। शराब व मादक पदार्थों का सेवन न करने के लिए जागरूकता फैलाई जाएगी। बिना साइलेंसर वाली मोटरसाइकिलों पर प्रतिबंध लगाया गया है। उपायुक्त ने निर्देश दिए कि इन दिशा-निर्देशों का प्रसारण लोकल केबल नेटवर्क और प्रचार माध्यमों के जरिए किया जाए, ताकि कांवड़ यात्रा में शामिल हर व्यक्ति नियमों से अवगत हो और यात्रा शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हो सके। प्रशासन का उद्देश्य कांवड़ यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और धार्मिक मर्यादाओं के अनुरूप संपन्न कराना है।

### प्रमुख निर्देश

- ▶▶ डाक कांवड़ में डीजे या म्यूजिक सिस्टम केवल गाड़ी की बॉडी के अंदर ही लगाए जा सकेंगे, बाहर लगाने पर कार्रवाई की जाएगी क्योंकि इससे दुर्घटना की आशंका रहती है।
- ▶▶ रेल की छतों पर यात्रा पर रोक रहेगी।
- ▶▶ कांवड़ियों को पहचान पत्र साथ रखने की सलाह दी गई है, ताकि आपात स्थिति में उनकी पहचान हो सके।
- ▶▶ नुकीले भाले, हथियार आदि साथ लेकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा।
- ▶▶ नहर पटरी का प्रयोग प्रोत्साहित किया जाएगा, ताकि मुख्य सड़कों पर ट्रैफिक दबाव कम हो।
- ▶▶ डीजे संचालकों को पहले से चिन्हित कर निगरानी में रखा जाएगा, नियम उल्लंघन पर कार्रवाई की जाएगी।
- ▶▶ मार्ग डायवर्जन प्वाइंट्स पर सूचना बोर्ड/हॉर्डिंग्स लगाए जाएंगे, ताकि यातायात सुचारू बना रहे।

सम्मान

### जींद में राज्य स्तरीय शिविर का आयोजन

## राज्य स्तर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले स्वयंसेवक किए सम्मानित


गोहाना। स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते हुए प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोहाना

- समारोह की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की।
- जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय के स्वयंसेवकों का शानदार प्रदर्शन

जेएलएन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गोहाना के स्वयंसेवकों ने राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। सोमवार को शिविर से वापस लौटने पर विद्यालय ने स्वयंसेवकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता एमडी सुनील शर्मा और प्राचार्य डॉ. सचिन शर्मा ने की। संयोजन उप प्राचार्य सूरत शर्मा का रहा। प्राचार्य एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सचिन शर्मा ने बताया कि राज्य स्तरीय एनएसएस शिविर 24 जून से 30 जून तक जींद में आयोजित हुआ। शिविर में विद्यालय की दो छात्राएं दिव्या व ईशा और तीन छात्र रोमीत, नवीन व रौनक ने प्रतिभागिता की। प्राचार्य ने कहा की कि एनएसएस के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाती हैं जो समाज सेवा, स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा और सामुदायिक विकास पर केंद्रित होती हैं। राज्य स्तरीय शिविर में स्वयंसेवकों ने सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता फैलाने, सामुदायिक विकास गतिविधियों में भाग लेने और जरूरतमंद लोगों की मदद करने के तरीके सीखे। प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और पदक देकर सम्मानित किया गया।